# बच्चों की लर्निंग लॉस को पूरा करने और बेहतर विद्यालय प्रबंधन के लिए अकादमिक निरीक्षण जरूरी

### बच्चों की उपलब्धि स्तर बढ़ाने 100 दिनों का रोडमैप तैयार

**रायगढ़।** लॉक डाऊन की वजह से बच्चों की पढ़ाई पर हुए असर को कम करने एवं वांछित उपलब्धि स्तर को प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के स्कूली शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दिया है। प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग ने विविध नवाचारी शिक्षा मॉडल एवं गतिविधियों के माध्यम से बच्चों मे हुई लर्निंग लॉस को कम करने और निर्धारित उपलब्धि स्तर प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार कर जमीनी स्तर पर साकार करने जुट गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बुनियादी शिक्षा और गणितीय कौशल विकास अंतर्गत कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को दक्ष बनाने के लिए सौ दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत किया गया है।

प्रदेश के तमाम सरकारी विद्यालयों मे अध्ययनरत बच्चों की पढ़ाई पर हुए प्रतिकूल प्रभाव के देखते हुए इन दिनों स्कूल शिक्षा विभाग विभिन्न नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शैक्षिक गुणवत्ता और उपलब्धि स्तर प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। शिक्षा गुणवत्ता में आवश्यक सुधार कसावट के साथ-साथ बेहतर विद्यालय प्रबंधन के लिए इस बार अकादमिक निरीक्षण के बेहतर क्रियान्वयन को भी प्रमुखता दिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा एक महत्वपूर्ण वेबीनार का आयोजन किया गया। उक्त वेबीनार मे शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला, प्रबंध संचालक नरेंद्र दुग्गा ने अकादमिक मॉनिटरिंग एवं बच्चों की उपलब्धि स्तर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिए। डॉ.आलोक शुक्ला ने कोरोना काल में हुए लर्निंग लॉस को कम करने एवं निर्धारित उपलब्धि स्तर



को प्राप्त करने के लिए नवाजतन और एससीईआरटी के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न नवाचारी गतिविधियों को शत-प्रतिशत विद्यालय स्तर पर साकार करने निर्देशित किया गया। डॉ.शुक्ला ने शत-प्रतिशत बच्चों के वास्तविक आंकलन के निर्देश दिया जिससे बच्चों का आगामी समय में समग्र विकास हो सके। उन्होंने अकादमिक मॉनिटरिंग के लिये निर्धारित बिंदुओं का जमीनी स्तर पर प्राथमिकता से आंकलन करने को कहा ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने के साथ बेहतर विद्यालय प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सके। डॉ.शुक्ला ने सभी विद्यालयों तक किलोल पत्रिका की उपलब्धता एवं सदस्यता लेने सुनिश्चित करने को कहा। वेबिनार के दौरान संचालक समग्र शिक्षा नरेंद्र दुग्गा ने शत-प्रतिशत शालाओं की बिंदुवार मॉनिटरिंग कर वास्तविक जानकारी की प्रवष्टि ऑनलाइन करने एवं समग्र शिक्षा से प्राप्त विभिन्न मदों की राशि समय सीमा में खर्च करने जे निर्देश दिए।

ज्ञात हो वर्तमान में जिले में कोरोना प्रभाव कम होने के कारण 08 फरवरी 22 से स्कूल प्रारंभ कर दिए गए है। शाला प्रारम्भ होने के बाद शालाओं में कसावट लाने के उद्देश्य से सभी स्कूलों को सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश राज्य शासन से दिए गए है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 बिंदुओं का मूल्यांकन प्रपत्र तैयार किया गया है। जिसमें 100 अंकों के आधार पर सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों की मॉनिटरिंग सघनता पूर्वक राज्य से संकुल स्तर तक के सभी निरीक्षणकर्ता अधिकारी यथा सहायक संचालक, एपीसी, बीइओ, एबीईओ, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य एवं सीएसी सतत् निरीक्षण करेंगे एवं निरीक्षण कर इसकी ऑनलाइन एंट्री भी की जाएगी। इसी तरह बच्चों में भाषाई एवं गणितीय दक्षता विकसित करने के लिए 100 दिन का पठन एवं गणितीय कौशल विकास अभियान, पूरे राज्य की तरह रायगढ़ जिले में भी राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार सफलतापूर्वक संचालित हो रही है।

आज के बेबीनार के संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य ने कहा कि अकादमिक मॉनिटरिंग के द्वारा विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने एक सार्थक प्रयास है। इसके माध्यम से स्कूलों के निरीक्षण एवं प्रगति पर नजर रखने के लिए तथा विशेष रूप से विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं दक्षताओं के विकास को नजदीक से परखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला मिशन समन्वयक आर.के. देवांगन ने इस संदर्भ में बताया कि आज के वेबीनार का उद्देश्य अकादमिक मॉनिटरिंग के द्वारा विद्यालयों में संचालित तमाम गतिविधियों में कसावट लाना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अकादमिक मॉनिटरिंग बच्चों के समग्र विकास एवं विद्यालय में बेहतर प्रबंधन के साथ बेहतर शैक्षणिक परिवेश के निर्माण के दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देवांगन ने बताया कि बेबीनार में दिए गए निर्देशानुसार जिले मे मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ किया जाएगा। इसी प्रकार सहायक परियोजना अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने आज के वेबीनार की उपयोगिता के संदर्भ में बताया कि अकादमिक मॉनिटरिंग का उद्देश्य विद्यालयों के बीच स्वस्थ्य प्रतियोगिता की भावना का विकास करना तथा बुनियादी और मूलभूत सुविधाओं का बेहतर सदुपयोग कराना है। अकादमिक मॉनिटरिंग सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत शिक्षा के विविध आयमों का सजगतापूर्वक सफल क्रियान्वयन करना है।

# शराबी युवक ने बाजार में किशोरी से किया छेड़खानी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सीएसपी योगेश पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा आज दिनांक 10.02.2022 को थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत धनागर के साप्ताहिक बाजार में नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले शराबी युवक पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 09.02.2022 को थाना कोतरारोड़ में 17 वर्षीय बालिका अपने परिजनों के साथ थाना आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 09/02/22 को अपनी मम्मी के साथ बाजार गई। इसी बीच धनागर का रहने वाला कोमल डोंगरे नाम का युवक बाजार में खरीददारी करते समय गलत नियत से छेड़खानी किया जिसका विरोध करने पर गाली गलौच कर मारपीट पर उतारू हो गया। आरोपी युवक द्वारा बालिका को रिपोर्ट करने पर देख लेने की धमकी दिया। घटना समय उपस्थित लोगों द्वारा आरोपी को शराबी किस्म का व्यक्ति बताये। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा आरोपी कोमल डोंगरे पिता भोला सारथी डोंगरे उम्र 30 वर्ष ग्राम धनांगर थाना कोतरारोड़ रायगढ़ पर अप.क्र. 27/2022 धारा 354, 354(क), 323 IPC 8, 12 Pocso Act दर्ज कर तत्काल आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार कर आज दोपहर रिमांड पर भेजा गया है। नाबालिग से छेड़खानी के आरोप में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किए जाने पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।

# समय पर कार्यालय नहीं आने वाले 42 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी, एक दिन का कटेगा वेतन

### कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में सप्ताह में 05 दिवस सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय संचालन के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके पश्चात सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरुवंशी ने आज कलेक्टोरेट के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान समय पर अपने कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए 42 अधिकारी-कर्मचारियों



को नोटिस जारी किया गया है और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए हैं।

अपर कलेक्टर कुरुवंशी ने खाद्य, खनिज, अल्प बचत, भू अभिलेख, कोषालय, राजस्व स्थापना, नजूल व आवक-जावक शाखा, भू-अर्जन, आबकारी, सहकारिता, आदिवासी विकास सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के निर्वाचन शाखा के 1, उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं से 17, खाद्य शाखा से 6, आबकारी से 3, सहायक श्रमायुक्त से 10 आदिवासी विकास से 4 और जिला कोषालय से 1 सहित कुल 42 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इन सभी को नोटिस जारी किया जा रहा है और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। कलेक्टोरेट में राजस्व स्थापना, वित्त, स्टेनो, भू-अर्जन, आवक-जावक से जुड़े शाखाओं में समय पर शत-प्रतिशत उपस्थिति रही।

कलेक्टर सिंह ने कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित नवीन समय-सारिणी के अनुसार कार्यालयों के संचालन किया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित कार्यालयों के निरीक्षण करने और निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा, अधीक्षक राजेश मेहरा उपस्थित रहे।

# तेतला धान खरीदी केन्द्र के भौतिक सत्यापन में पहुंचे कलेक्टर भीम सिंह

### समिति में शेष धान का जल्द उठाव पूरा करने के दिये निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज तेतला धान उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी के भौतिक सत्यापन की जांच की। उन्होंने केन्द्र में इस खरीफ विपणन वर्ष में हुयी धान खरीदी और उठाव की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र से अब तक हुए उठाव के पश्चात शेष बचे धान की स्टैकिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेक लगाकर रखे धान की बोरियों की गिनती करवाकर नोडल अधिकारियों द्वारा दिए प्रतिवेदन तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड से मिलान किया। उन्होंने शेष धान के उठाव हेतु डीओ जारी किए जाने के संबंध में जानकारी ली।



सहायक खाद्य अधिकारी ने बताया कि जितने किसानों को टोकन जारी किया गया था, उन सभी से खरीदी की जा चुकी है। केन्द्र में 874 किसानों ने इस विपणन वर्ष में धान बेचा है। किसानों से 48 हजार 393 क्विंटल धान की खरीदी की गयी। जिसमें से 39 हजार 223 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है तथा शेष 9 हजार 170 क्विंटल धान उठाव के लिए डीओ जारी हो चुका है। कलेक्टर सिंह ने अगले 10 दिन के भीतर शेष बचे धान का पूरा उठाव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बीच-बीच में हो रही बारिश के मद्देनजर धान को भीगने से बचाने के लिए उन्हें तिरपाल से ढंकते हुए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही धान के नीचे डनेज की भी पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक से धान खरीदी के एवज में किसानों को हुए भुगतान के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि खरीदी के अनुसार भुगतान किसानों को कर दिया गया है। इस मौके पर समिति में मौजूद केंदसरा के किसान निरंजन भोय और चंद्रमणि भोय से चर्चा कर कलेक्टर सिंह ने धान के भुगतान के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें धान का भुगतान प्राप्त हो गया है। इस दौरान उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र गोंड़, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, नायब तहसीलदार पुसौर प्रकाश पटेल, समिति अध्यक्ष जगदीश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरटीई पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन कार्यवाही के लिए समय-सारिणी जारी

**रायगढ़।** पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की कार्यवाही की जानी है। पूर्व में प्रवेश की प्रक्रिया एवं ऑनलाईन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए है। इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना हेतु आवेदन प्राप्त करना, आवेदन पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया, रिक्त सीटों की अनारक्षण एवं शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया हेतु दो चरणों में समय-सारिणी जारी की गई है।

जिसके तहत प्रथम चरण स्कूल पंजीयन आवेदन अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 फरवरी 2022 से 15 मार्च 2022 तक किया जाएगा। इसी तरह छात्र




पंजीयन आवेदन 17 मार्च से 15 मई 2022, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 16 मई से 31 मई 2022, लॉटरी एवं आबंटन 3 से 15 जून 2022 तथा स्कूल दाखिला प्रक्रिया 16 से 30 जून 2022 तक कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह द्वितीय चरण-छात्र पंजीयन आवेदन अंतर्गत 1 से 15 जुलाई 2022, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 16 से 25 जुलाई 2022, लॉटरी एवं आबंटन 27 जुलाई से 2 अगस्त 2022 तथा स्कूल दाखिला प्रक्रिया की कार्यवाही 3 से 14 अगस्त 2022 तक कार्यवाही की जाएगी।

# रेस्टोरेंट्स में उत्पात मचाने वाले 3 बदमाशों को खरसिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आदतन आरोपियों ने रेस्टोरेंट्स और रेलवे फाटक के पास की मारपीट व तोड़फोड़

**रायगढ़।** दिनांक 09.02.2022 को पुलिस चौकी खरसिया में विक्की महंत निवासी ग्राम सपिया थाना डबरा जिला जांजगीर चांपा तथा बाईपास रोड पर शेर-ए- पंजाब फैमिली रेस्टोरेंट चलाने वाले विजय सिंह द्वारा खरसिया के 3-4 युवकों पर मारपीट करने व ढाबे में तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराये। ढाबा पर उत्पात मचाने वाला आरोपी कमलेश नायडू चौकी खरसिया क्षेत्र का गुण्डा बदमाश है तथा मारपीट में शामिल आरोपी राहुल राठौर, योगेश जाधव और लोकेश बंजारे पर पूर्व में गंभीर अपराधों में संलिप्त थे जिसे देखते हुये चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर आरोपियों की धरपकड़ की गई जिसमें आरोपी 1-राहुल राठौर पिता स्वर्गीय विजय राठौर उम्र 25 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती खरसिया चौकी एवं थाना खरसिया जिला रायगढ़ 2- योगेश जाधव यादव पिता संजय जाधव उम्र 25 वर्ष निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी तेलीकोट रोड खरसिया चौकी एवं थाना खरसिया जिला रायगढ़ एवं आरोपी 3- लोकेश बंजारे पिता सुरेश बंजारे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम महका चौकी खरसिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का एक साथी कमलेश नायडू फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता विक्की महंत द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि कल दिनांक 09.02.2022 को अपने



साथी सिकंदर, सोनू यादव के साथ तीनों कटाईपाली-छाल तरफ ब्रेकडाउन हुई गाड़ी को बनाने गए थे, वापस आते समय रात करीब 11:00 बजे राहुल राठौर, योगेश जाधव व लोकेश बंजारे अचानक वहां आ गए और तीनों शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे, रुपए नहीं देने पर तीनों गाली गलौज कर डंडा से मारपीट करना शुरू कर दिये जिसमें विक्की महंत को चोटे आई है। तीनों आरोपियों द्वारा डंडे से विक्की महंत के मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स क्रमांक CG 13 UA-7380 को क्षतिग्रस्त कर दिये , रिपोर्ट पर अप.क्र. 55/2022 धारा 294, 506, 323, 327, 34 IPC पंजीबद्ध किया गया।

वहीं बाईपास पर शेर-ए- पंजाब फैमिली रेस्टोरेंट चलाने वाले विजय सिंह द्वारा आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि कल करीब रात्रि 11:30 बजे रेस्टोरेंट को बंद करने की तैयारी कर रहे थे। ढाबे में कमलेश नायडू खाना खा रहा था, कमलेश को विजय सिंह बोले कि ढाबा बंद करना है जल्दी खाना खाओ। इतने में कमलेश नायडू अभद्रता से पेश आते हुए अपने साथियों को फोन कर बुलाया उसके बुलाने पर राहुल राठौर अपने साथी योगेश जाधव लोकेश बंजारे के साथ एक तलवार लेकर रेस्टोरेंट्स आया और विजय सिंह तथा रेस्टोरेंट में कार्यरत लोगों से गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दिये। मारपीट में रेस्टोरेंट में काम करने वाले दीपक भारद्वाज के चेहरे पर चोटें आई है। आरोपियों द्वारा रेस्टोरेंट में तोड़फोड कर कुर्सियों को तोड़फोड़ कर ढाबा में काफी उत्पात मचाये। चारों आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र. 56/2022 धारा 294, 506,323,327, 34 IPC धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों की धरपकड़ कर चौकी प्रभारी नंद किशोर गौतम द्वारा तीनों आरोपी राहुल राठौर योगेश, जाधव यादव एवं लोकेश बंजारे को गिरफ्तार कर आरोपियों से एक लोहे का तलवार एवं बेल्ट तथा घटना समय मारपीट का सीसीटीवी फुटेज की जप्ती कर आज दिनांक 10.02.2022 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया जहां, आरोपियों को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों पर त्वरित कार्रवाई को लेकर प्रार्थी एवं रेस्टोरेंट के संचालक विजय सिंह द्वारा चौकी आकर चौकी प्रभारी एसआई गौतम तथा स्टाफ को साधुवाद दिया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएचसी सेंटर रामभांठा में मिल रही फिजियोथैरपी की सुविधा



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा के फिजियोथैरपी सेंटर में सुश्री डॉ.भावना साहू द्वारा पैरालिसिस, कंधा जाम होना, बच्चों की डिलेड होना (कम विकसित होना) दूर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों के इलाज, गठियाबाथ जैसी बीमारियों का इलाज किया जा रहा हैं। सीएमएचओ ने जिलेवासियों को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा के फिजियोथैरपी सेंटर में फिजियोथैरपी का लाभ लेने हेतु अपील किया है।

### नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 12 फरवरी को

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 12 फरवरी दिन शनिवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर पंजरी प्लांट, रायगढ़ में प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं महापौर श्रीमती जानकी काटजू उपस्थित रहेंगे। शिविर में नि:शुल्क आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा शिविर और औषधी वितरण किया जाएगा। शिविर में पैथोलॉजी की सुविधा भी उपलब्ध है तथा क्षारसूत्र पद्धति से बवासीर रोगियों का परीक्षण कर इलाज किया जाएगा। आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने जिलेवासियों को नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

### एस.सी.व्ही.टी.परीक्षा 21 से 28 फरवरी तक, परीक्षार्थी आईटीआई रायगढ़ में कर सकते है परीक्षा फार्म जमा

**रायगढ़।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग.रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एसटीव्हीटी) माह फरवरी 2022 की परीक्षा समय-सारणी जारी कर दी गई है। एससीव्हीटी प्रवेशित सत्र अगस्त 2019 द्विवर्षीय व्यवसाय, अगस्त 2020 प्रवेशित एकवर्षीय व्यवसाय एवं पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष है, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एससीव्हीटी की परीक्षा 21 से 28 फरवरी 2022 तक संपन्न होगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के प्रशिक्षणार्थी परीक्षा फार्म निर्धारित समय में भरकर संस्था में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के सूचना पटल में चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन कर सकते है।

### व्याख्याता एवं प्रधान पाठक के रिक्त पद के लिए साक्षात्कार 18 फरवरी को

**रायगढ़।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायगढ़ में सहायक परियोजना अधिकारी के 2 पदों को प्रतिनियुक्ति से भरे जाने हेतु इच्छुक व्याख्याता/प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला)संवर्ग के शिक्षक जिन्हें कम्प्यूटर का ज्ञान हो एवं व्यापक भ्रमण करने की क्षमता हो, ऐसे शिक्षकों से आवेदन पत्र 5 फरवरी तक मंगाये गये थे। वे शिक्षक जो मूल आवेदन पत्र के साथ दस्तावेत संलग्र किये है, उन दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ 18 फरवरी 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत कार्यालय, रायगढ़ के सभाकक्ष में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है।

### बस की ठोकर से बाल-बाल बचे आरईडी सब इंजीनियर, कार क्षतिग्रस्त

**भिलाई (आरएनएस)।** दुर्ग कलेक्टोरेट में उप अभियंता की कार को नेहरू नगर में बस ने ठोकर मार दी। दुर्घटना में उप अभियन्ता बाल-बाल बचे मगर कार क्षतिग्रस्त हो गई है। इस मामले में सुपेला पुलिस ने ओम शिवम कंपनी की बस चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। सुपेला पुलिस ने जानकारी दी कि नेहरू नगर निवासी 38 वर्षीय अश्विनी द्विवेदी कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर दुर्ग मे ग्रामीण यांत्रिकी संभाग में उप अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। कल कार क्रमाक सीजी 07 बी ई 7350 को चलाते हुए भिलाई से दुर्ग जा रहे थे तभी गुरूद्वारा के सामने सिग्नल पर ग्रीन लाईट पार करने के दौरान विपरित दिशा से आकर बस क्रमाक सीजी 07 ई 0984 के बस चालक सत्यनारायण ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक कार को ठोकर मार दी। सुपेला थाना ने सत्यानारायण के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480